






नवभारत

इंदौर, बुधवार, 11 मार्च 2026




## एक नजर में

### मल्हारगढ़-मंदसौर रेलखंड का दोहरीकरण पूरा



**पिपलियामण्डी।** रतलाम-नीमच रेलखंड अंतर्गत मल्हारगढ़-मंदसौर के बीच रेलवे दोहरीकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। मंगलवार को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ई. श्रीनिवास ने पिपलिया स्टेशन सहित पूरे रेलखंड का निरीक्षण किया। उनके साथ रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) अश्विनी कुमार सहित रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। सीआरएस ने पिपलिया स्टेशन पर सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म, ट्रैक और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा स्टेशन अधीक्षक शंकरलाल मीणा से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों को पूरी ट्रेनिंग दी जाए, ताकि संचालन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। निरीक्षण के बाद उन्होंने स्टेशन परिसर में पौधरोपण भी किया। मीडिया से चर्चा में सीआरएस ने बताया कि मल्हारगढ़, पिपलिया और मंदसौर के बीच दोहरीकरण कार्य पूरा हो चुका है और ट्रैक तथा सिग्नलिंग सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्पीड ट्रायल के दौरान रेलवे ट्रैक से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। रेलवे के अनुसार इस रेलखंड में करीब 24 किलोमीटर लंबे नए ट्रैक का निर्माण किया गया है। 11 मार्च को नई लाइन पर ट्रेन को करीब 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ाकर स्पीड ट्रायल किया जाएगा, जिससे ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी।

### शाजापुर कवि सम्मेलन में मुन्ना बैटरी की अभद्र टिप्पणी पर मंदसौर गुजराती सेन समाज का आक्रोश



**मंदसौर।** शाजापुर में कुछ दिनों पहले आयोजित कवि सम्मेलन के दौरान कवि मुन्ना बैटरी द्वारा सेन समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी से गुजराती सेन समाज में गहरा आक्रोश फैल गया। समाज ने इस घटना को गंभीर मानते हुए कवि मुन्ना बैटरी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समाज के प्रतिनिधियों ने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर को ज्ञापन सौंपा और मंगलवार को पुलिस प्रशासन की जनसुनवाई में भी आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन पुलिस अधीक्षक मन्दसौर को दिया संबोधित इस ज्ञापन का वाचन नगर के वरिष्ठ अध्यक्ष शेखर राज चौहान और पार्षद गरिमा भाटी ने किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाजजन आक्रोशित होकर 'मुन्ना बैटरी मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाते रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद परिहार, शंभू सेन राठौड़, पूर्व पार्षद बलराम राठौड़ कचनारा, बृजेश टांकवाल, दिनेश सोलंकी, अर्जुन राठौड़, छोटू भाई, अनिल वप्ता, जितेंद्र भाटी, पप्पू सेन, जगदीश परमार रलायता, गोविन्द पतमामार, राजेश राठौड़, अशोक परमार ढीकोला, अंतिम देवड़ा, प्रदेश महामंत्री उमेश परमार, एडवोकेट दिनेश परमार रलायता किशोर परमार, लाईनमेन संजय परमार, राजेश चौहान, पवन परमार ढीकोला, दिनेश सेन जग्गाखेड़ी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन नगर के युवा अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने किया और आभार व्यक्त किया।





# खिड़की माता मेले में गूंजे भक्ति के स्वर, गोकुल शर्मा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मंदसौर।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के तत्वावधान में 17वें श्री खिड़की माता मेले के अंतर्गत प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा की भजन संध्या हुई। शीतला सप्तमी पर्व पर आयोजित इस एक दिवसीय मेले में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम माता के स्वरूप में विराजित खिड़की माताजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और इसके बाद सांस्कृतिक मंच पर आयोजित भजन संध्या का आनंद लिया।

भजन गायक गोकुल शर्मा ने दोपहर 1 बजे से शाम तक राजस्थानी शैली में भगवान सांवरिया सेठ और माताजी के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। उनके भजनों पर पांडाल में बैठे श्रद्धालु झूम उठे और कई श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य करने लगे। उन्होंने अपने लोकप्रिय भजन 'मारी गाड़ी मारा पैसा सब थारा, मेरा तो कुछ भी नहीं' प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इसके साथ ही 'हे सांवरिया सेठ दे दे, भरियो रे भंडार थोड़ा न पड़े रे' भजन पर भी श्रद्धालुओं ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। भजनों की मधुर प्रस्तुति सुनकर पांडाल में बैठी महिलाओं ने भी भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में गोकुल शर्मा के भाई लक्ष्मण शर्मा ने दोपहर 11:30 बजे से 1 बजे तक भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने 'आओ जी गजानंद आओ' तथा 'दुनिया में देव हमारे है, मेरे बजरंगबली का क्या कहना' जैसे भजनों से श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

भजन संध्या से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने मां खिड़की माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात नगर पालिका परिषद द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, सुषमा आर्य, भाजपा जिला महामंत्री महेश जुनवाल, मंदसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, भाजपा जिला मंत्री पुलकित पटवा, जगदीश गुर्जर ढिकोला, भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, समाजसेविका जमना कोमल बाफना, किरण पारस मावर, वंदना भावसार, रमा माथुर और तुलसा खत्री मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने कहा कि नगर पालिका परिषद मंदसौर 17 वर्षों से इस मेले का आयोजन कर रही है, जो सराहनीय है। मेले भारतीय संस्कृति की पहचान होते हैं और ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। स्वागत उद्बोधन में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित यह मेला विशेष रूप से मातृशक्ति के लिए होता है। शीतला सप्तमी के अवसर पर महिलाएं यहां आकर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए माता से प्रार्थना करती हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुषमा आर्य, मुकेश काला, महेश जुनवाल, पुलकित पटवा, विनोद डगवार और अरविंद सारस्वत ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मेला आयोजन के लिए नगर पालिका परिषद को धन्यवाद दिया तथा मातृशक्ति को शीतला सप्तमी की शुभकामनाएं दीं।

### सीए ब्रांच मंदसौर ने किया चयनित छात्रों का सम्मान

**मंदसौर।** आईसीएआई ब्रांच द्वारा आयोजित एक समारोह में सीए परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों प्रतीक झंवर, अली असगर बेगुनवाला, अंशुल जैन एवं ऋषि पालीवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें से प्रतीक झवर ने ऑल इंडिया रैंक 44 प्राप्त कर मंदसौर के लिए गौरव का क्षण बनाया, जिसकी सभी ने सराहना की।

इस अवसर पर बताया गया कि हाल ही में घोषित परिणामों में 6 विद्यार्थियों ने सीए फाउंडेशन तथा 9 विद्यार्थियों ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी एवं पुष्पमालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रांच चेयरमैन सीए विनय अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद सिकासा चेयरमैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सीए सुबोध सिंघल द्वारा किया गया, जबकि अंत में सीए अर्पित मेहता ने आभार व्यक्त किया।



### सिंधिया फेन्स क्लब ने मनाई कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की जन्म जयंती

**मंदसौर।** जिला सिंधिया फैंस क्लब द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाशवासी महाराज माधवराव सिंधिया की 81 वीं जन्म जयंती उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में मनाई। स्थानीय जिला पंचायत परिसर स्थित पूर्व मंत्री केंद्रीय मंत्री कैलाश वासी महाराज माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई है।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला ने ने कहा कि स्व. महाराज का इस मालवा क्षेत्र से विशेष लगाव रहा। आज हमें दु:ख है कि महाराज हमारे बीच नहीं है। लेकिन ज्योतिरादित्य सिंधिया के रूप में महाराज हमारे साथ अभी भी है। स्व. महाराज ने अपने अल्पकालीन रेल मंत्रित्व काल में मालवा को अभूतपूर्व सौगातों की नींव रखी।

मुकेश काला भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, अजय सिंह चौहान पुर्व स्लेट पेंसिल कर्मकार निधिमंडल अध्यक्ष, महेश जूनवाल जिला महामंत्री भाजपा, सुनील जैन महाबली जिला उपाध्यक्ष भाजपा, गौरव अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, आशीष गुप्ता सह को षाध्यक्ष जिला भाजपा, पुलकित पटवा जिला मंत्री भाजपा, विनोद मलखानी सुभाष सावरिया। अंत में आभार प्रदर्शन पीयूष जैन अध्यक्ष सिंधिया फैंस क्लब जिला मंदसौर ने किया।

**एक नजर** — काव्य प्रेमियों के लिए 18 अप्रैल को होगा अभा कवि सम्मेलन

# 151 ढोल-251 दीपकों से 2 अप्रैल को होगी श्री बड़े बालाजी की महाआरती

**मंदसौर।** सभी के आस्था के केंद्र श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टैंड पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। 28 मार्च से आरंभ होकर 19 अप्रैल तक चलने वाले इस त्रि-साप्ताहिक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान भक्ति, शक्ति और साहित्य की त्रिवेणी बहेगी। आयोजन के मुख्य आकर्षण के रूप में 18 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें साहित्य जगत की विशिष्ट विभूति स्व. रामनारायण शर्मा की स्मृति में 'काव्य अलंकरण सम्मान' प्रदान किया जाएगा।

मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा एवं प्रवक्ता रवि ग्वाला ने कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि उत्सव का



विधिवत शुभारंभ 29 मार्च, रविवार को दोपहर 12 बजे से होगा, जहाँ उज्जैन के प्रसिद्ध हरिभक्त मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात 2 अप्रैल, गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य पर्व पर सायं 7 बजे एक ऐतिहासिक विशाल शाही महाआरती का आयोजन होगा। इस महाआरती की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें मंदसौर के 151 ढोल, कोटा-बूंदी की सुरीली शहनाई, अजयमेरू के विशेष ढोल और उज्जैन से बुलाई गई पुष्पवर्षा मशीनें आकर्षण का केंद्र रहेंगी। तोप, नगाड़े और रंगारंग आतिशबाजी के बीच ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा विभिन्न वाद्ययंत्रों की मंगलध्वनि के साथ 251 दीपकों से भगवान बालाजी की आरती उतारी जाएगी, जिसके पश्चात भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा। हनुमान जन्मोत्सव की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए 12 अप्रैल, शुक्रवार को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक मंदिर परिसर में एक विशाल शाही महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु सादर आमंत्रित रहेंगे। वहीं 18 अप्रैल, शनिवार की शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में ही 'विराट कवि सम्मेलन' का आगाज होगा। राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी के कुशल सूत्रधारत्व में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित रचनाकार अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सराबोर करेंगे। इसी मंच पर स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी गरिमामय ढंग से संपन्न होगा।

इस वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा सहित अनिल कियावत, विनय दुबेला, ज्योतिष गुरू विनोद रूनवाल, विष्णु शर्मा, जितेन्द्र व्यास, नरेश चंदवानी, शिवशंकर सोलंकी एवं रवि ग्वाला ने संयुक्त रूप से समस्त धर्मप्रेमी जनता और काव्य प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का लाभ उठाएं।

## नीमच


## एक नजर में

### ग्राम बड़कुआं में खेत में लगी आग, फसल जली




**मनासा।** क्षेत्र के ग्राम बड़कुआ में बीते रविवार को एक किसान के खेत पर रखी चिया की ढेरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और चिया की ढेरी जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान बाबूलाल पिता कचरू लाल बैरागी के खेत पर चिया फसल निकलने के दौरान खेत में रखी ढेरी में अचानक आग लग गई। आग लगते ही खेत में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पानी और अन्य साधनों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने समय रहते आग को फैलने से रोक लिया, जिससे आसपास की अन्य फसलों और खेतों को नुकसान होने से बचाया जा सका। हालांकि आग लगने से किसान की चिया की ढेरी जलकर पूरी तरह खाक हो गई, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में किसानों को सहायता देने की मांग भी की है।

### दामोदर प्रसाद जोशी धर्म संस्कृति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त



**नीमच।** कल्याण कमलमय समर्थक समिति नेशनल वालिंटियर भाजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सतपाल सिंह व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार की सहमति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष/संस्थापक श्री कृष्ण गुप्ता ने नीमच जिले के धर्म संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर पिटीशन राइटर एवं वरिष्ठ समाजसेवी गरीब असहाय परिवार के लोगों को शासन प्रशासन कि समस्त योजनाओं से लाभान्वित करा मदद व सहयोग प्रदान करने वाले श्री दामोदर प्रसाद जोशी नीमच को नियुक्त किया है। उक्त जानकारी कल्याण कमलमय समर्थक समिति के राष्ट्रीय संयुक्त संगठन मंत्री मो. रईस पटवा ने दी।

### शक्ति नगर निवासी महिला ने बघाना पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप



**नीमच।** जिले के बघाना थाना क्षेत्र में एक महिला ने थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों पर अभद्र व्यवहार करने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता रेखा जोशी, निवासी शक्तिनगर, ने लिखित आवेदन देकर पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। रेखा जोशी ने अपने आवेदन में बताया कि 2 मार्च 2026 को उनके और मंदिर की पुजारी के बीच पूजा पाठ को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद जब उन्होंने बघाना थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई, तो उनका आरोप है कि पुलिस ने उनका अपमान किया और अभद्र व्यवहार किया। महिला ने बताया कि पुलिस ने मोबाइल फोन जबरन ले लिया, उनका और उनकी वृद्ध मां का सम्मान नहीं किया, और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। महिला के अनुसार, उनकी लगभग 70 वर्ष की मां को धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया, और जब उन्होंने एसपी कार्यालय जाने की बात कही तो एक पुलिसकर्मी ने उनका हाथ पकड़कर खींचा, जिससे उनके हाथ में चोट भी आई। इस दौरान उनके घर पर भाभी और भतीजी मौजूद थीं, जिन्होंने पूरी घटना देखी। रेखा ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें खाली कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डाला और शिकायत वापस लेने के लिए कहा।

# अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई

**खाकी का बड़ा प्रहार ! 35 केस दर्ज कर 41 आरोपी गिरफ्तार**

**नीमच।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नीमच पुलिस ने जिलेभर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 प्रकरण दर्ज कर 41 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। नीमच पुलिस ने 09 मार्च 2026 को जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 285 लीटर अवैध देसी शराब, 150 लीटर अंग्रेजी शराब, 360 बीयर कैन, 62 बोतल बीयर तथा 12 लीटर कच्ची शराब जब्त की।

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के निर्देशों तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के खिलाफ विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।



अभियान के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

**नीमच केंट थाना**- अभियान के तहत आबकारी अधिनियम में 5 प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 16.02 लीटर देशी शराब और 31 बीयर कैन जब्त किए।

**नीमच सिटी थाना**- बस स्टैंड स्थित होटल में दबिश देकर आरोपी यशवंत पिता भंवर सिंह सांखिया निवासी झुलका को गिरफ्तार किया गया। मौके से 81.170 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। होटल मालिक और शराब सप्लाई करने वाले व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है।

**बघाना थाना** - ग्राम सगोडा में कार्रवाई करते हुए 63 लीटर अंग्रेजी शराब, 24 बीयर बोतल और 360 बीयर कैन जब्त किए गए। इस मामले में आरोपी मुकेश बिहारी को गिरफ्तार किया गया।

**जीरन थाना** - 3 प्रकरणों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 36 लीटर देशी शराब जब्त की गई।

**मनासा थाना** - 5 प्रकरणों में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर 45 लीटर देशी शराब और 7 बीयर जब्त की गई।

**कुकड़ेश्वर थाना** - 3 प्रकरणों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 18 लीटर देशी शराब और 8 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।

**रामपुरा थाना** - 4 प्रकरणों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर 108.72 लीटर देशी शराब जब्त की गई।

**जावद थाना**- 9 प्रकरणों में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर 5.4 लीटर अंग्रेजी शराब, 33.3 लीटर देशी शराब और 4 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई।

**रतनगढ़ थाना** - 1 प्रकरण में 1 आरोपी को गिरफ्तार कर 7.2 लीटर देशी शराब बरामद की गई।

**सिंगोली थाना**- 2 प्रकरणों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 16.56 लीटर देशी शराब जब्त की गई।

पुलिस ने सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना के दौरान अवैध शराब की सप्लाई करने वाले अन्य लोगों की पहचान कर उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को अवैध शराब बनाने, बेचने या परिवहन करने वालों के बारे में जानकारी हो तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।



### जयसिंहपुरा नई आबादी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला, कार्रवाई की मांग

**नीमच।** जिले के गांव जयसिंहपुरा नई आबादी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। श्री चमत्कारी बालाजी सेवा समिति और ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने शासकीय भूमि पर कच्चा-पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया है। यह भूमि क्षेत्रीय विधायक की अनुशंसा पर लगभग 15 लाख रुपये की लागत से मांगलिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत की गई थी।

ग्रामीणों के अनुसार, भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि पर तारफेंसिंग की गई थी, लेकिन आरोपितों ने फेंसिंग तोड़कर पुन: कब्जा कर लिया और निर्माण कार्य के लिए लाए गए मिट्टी, सीमेंट व अन्य सामग्री को खाली नहीं होने दिया। विरोध करने पर संबंधित लोग विवाद करते हैं और झूठे प्रकरणों में फंसाने की धमकी देते हैं।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की जांच कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि प्रस्तावित मांगलिक भवन का निर्माण कार्य शुरू हो सके।

**एक नजर** — शहर में दिखा उत्सव का रंग

# शीतला सप्तमी पर माहेश्वरी महिला मंडल की गणगौर शोभायात्रा

**नीमच।** शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर शहर में आस्था, परंपरा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणगौर की भव्य जेल (शोभायात्रा) निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी शामिल हुईं। बैंड-बाजों की मधुर धुनों और गणगौर के पारंपरिक गीतों के बीच निकली इस शोभायात्रा ने शहर के माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया।



गणगौर की यह शोभायात्रा गांधी वाटिका से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई माहेश्वरी भवन पहुंची। यहां पहुंचने के बाद महिलाओं ने विधि-विधान से ईसर-गौरा की पूजा-अर्चना की और पारंपरिक रूप से गणगौर के झाले दिए। इससे पहले गांधी वाटिका में ईसर-गौरा के रूप में सजी महिलाओं के बीच विभिन्न रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिनमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शोभायात्रा के दौरान महिलाएं पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य करती हुई नजर आईं। बैंड-बाजों की धुन पर थिरकती महिलाओं की टोली और गणगौर के गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। आयोजन में माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष अनीता समदानी, सचिव अर्चना बाहेती, कोषाध्यक्ष वर्षा मूंदड़ा, उपाध्यक्ष शारदा गट्टानी सहित कार्यकारिणी सदस्य शारदा दरक, जिज्ञासा लोंगड़, गुंजन दरक, मंजू समदानी, सपना माहेश्वरी और दीपिका मांदन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### गणगौर पर्व का महत्व

गणगौर राजस्थान और मालवा क्षेत्र का एक प्रमुख पारंपरिक पर्व है, जिसे महिलाएं विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाती हैं। गण का अर्थ भगवान शिव (ईसर) और गौर का अर्थ माता पार्वती (गौरा) से है। यह पर्व शिव-पार्वती के दांपत्य प्रेम, सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। इसी कारण अविवाहित युवतियां अच्छे वर की कामना से और विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि तथा परिवार के मंगल की कामना से गणगौर का व्रत और पूजन करती हैं। नीमच में माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा आयोजित यह गणगौर जेल शहर की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक सुंदर प्रयास साबित हुई।